SWATANTRA BHARAT PAGE 2

लविवि में सात दिवसीय स्तुति कार्यशाला का आयोजन

स्वतंत्रभारत संवाददाता, लखनऊ। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा चलाये गये स्तुति कार्यक्रम के तहत शनिवार से लखनऊ विश्विद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का विषय मैटेरियल साइंस, नैनोटेक्नोलॉजी एंड क्वांटम ऑप्टिक्स है।बता दें स्तुति वस्तुतः वैज्ञानिक और तकनीकी अवसंरचना का उपयोग करते हुए सहक्रियात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का संक्षिप्त रूप है जिसका मूल उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पहले से ही उपलब्ध बुनियादी ढांचे का उपयोग करके आवश्यक मानव संसाधन का निर्माण और उसके कौशल व सामर्थ्य में बढ़ोत्तरी करना है । स्तुति कार्यशाला हैंड्सऑन प्रशिक्षण और स्टेट-ऑफ-आर्ट उपकरणों के प्रयोग के सम्बंध में शोधार्थियों को जागरूक बनाने प केंद्रित है । स्तुति-कार्यशाला हब-ऐंड-स्पोक मॉडल पर चलायी जा रही है जिसमें एक उन्नत संस्थान को हब यानी धुरी के रूप में और अन्य संस्थानों का दायित्व उससे जुड़ी स्पोक्स यानी तीलियों की तरह से कौशल, और संसाधनों के प्रति पहुंच में बढ़ोत्तरी करना है।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

अब 'नैक गुरु' की भूमिका निभाएगा लविवि

10 संबद्ध कॉलेजों के साथ ही दूसरे विश्वविद्यालयों को भी अच्छी ग्रेडिंग के लिए करेगा तैयार

अक्षय कुमार

लखनऊ। राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद (नैक) में सर्वश्रेष्ठ ए प्लस प्लस ग्रेडिंग हासिल करने के बाद अब लविवि नैक गुरु की भूमिका निभाने जा रहा है। वह अब 10 संबद्ध कॉलेजों के साथ ही दूसरे विश्वविद्यालयों को भी अच्छी ग्रेडिंग हासिल करने के लिए तैयार करेगा। इसके लिए कुछ विश्वविद्यालयों ने लविवि से संपर्क किया है, वहीं लविवि खुद अपने 10 संबद्ध कॉलेजों को चयनित कर रहा है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों को नैक के लिए लविवि से सहयोग लेने के लिए कहा है।

लविवि को हाल ही में नैक में ए प्लस प्लस ग्रेडिंग मिली है। उसके अलावा

नैक में आवेदन से लेकर फील्ड विजिट तक की देगा जानकारी

प्रदेश का कोई भी राज्य या केंद्रीय विवि यह उपलब्धि नहीं पा सका है। इस सफलता पर राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने लविवि वीसी की पीठ थपथपाने के साथ कहा था कि लविवि अपने कॉलेजों व दूसरे विश्वविद्यालयों को भी नैक ग्रेडिंग के लिए अपेक्षित सहयोग करे। इस क्रम में विवि ने काम शुरू कर दिया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि हम अपने 10 संबद्ध कॉलेजों को चिह्नित कर रहे हैं। इसमें लखनऊ के साथ रायबरेली, लखीमपुर खीरी, सीतापुर व हरदोई के कॉलेज भी शामिल होंगे। ये वो कॉलेज होंगे जो नैक में जाने वाले हैं या जा चुके हैं। ऐसे कॉलेज भी हो सकते हैं जिनका 2023 में नैक मूल्यांकन प्रस्तावित है।

डीन कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल से ऐसे कॉलेजों की जानकारी मांगी गई है। हम नैक की तैयारी कैसे करें, सेल्फ एसेसमेंट रिपोर्ट कैसे भरें, इसके लिए डेटा किस तरह तैयार करें, इसमें किन चीजों का ध्यान रखें और फील्ड विजिट किस तरह से प्रस्तावित करें, इन सभी चीजों की जानकारी दी जाएगी। प्रो. राय ने कहा कि नैक के लिए डेटा बहुत महत्वपूर्ण चीज हो गई है। इसके बेहतर संयोजन से 70 फीसदी सफलता पाई जा सकती है, क्योंकि अब 70 फीसदी अंक इसी पर निर्धारित होते हैं।

प्रो. राय ने कहा कि हमने शिया पीजी कॉलेज का सहयोग करना शुरू कर दिया है। हालांकि, वह अपनी एसएसआर पहले भर चुका है और उसका डीवीआर भी हो चुका है। अब हम फील्ड विजिट की तैयारी में सहयोग कर रहे हैं। इसके बाद के कॉलेजों को एसएसआर भरने से लेकर अंत तक के लिए तैयार करें। यह सभी कुछ कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में चल रहा है।

मेरठ कृषि विवि व अन्य का सहयोग

प्रो. राय ने बताया कि राजभवन के निर्देश पर हम मेरठ कृषि विवि की नैक की तैयारी करवा रहे हैं। वहीं, राजधानी में ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि हमारे संपर्क में है। हम किसी भी संस्थान की बेहतरी में अपना जो बेहतर हो सकेगा, वह सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

- **केजीएमयू ने देखी सेंट्रल लाइब्रेरी**

केजीएमयू भी नैक आवेदन की तेजी से तैयारी कर रहा है। इसी क्रम में केजीएमयू ने भी लविवि से तैयारियों को लेकर संपर्क किया है। यही नहीं केजीएमयू की एक टीम ने लविवि की सेंट्रल लाइब्रेरी का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाएं भी देखी हैं। नैक की अच्छी ग्रेडिंग लाने में लविवि की लाइब्रेरी व यहां की व्यवस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

राष्ट्र गौरव परीक्षा में 99% रही उपस्थिति

लखनऊ। लविवि ने दो साल बाद शुक्रवार को राष्ट्र गौरव परीक्षा कराई। परीक्षा विवि व संबद्ध कॉलेजों में दोपहर दो से 3.30 बजे तक हुई। इसमें 99 फीसदी विद्यार्थी शामिल हुए। छुटे छात्रों के लिए शनिवार को इसी समय पर परीक्षा होगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार को राष्ट्रगौरव के साथ ही यूजी चौथे व छठे सेमेस्टर की भी परीक्षाएं हुईं। दोनों पाली की परीक्षा में रजिस्टर्ड 28,623 में से मात्र 150 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

एमए होम साइंस की परीक्षा 22 से

लखनऊ। लविवि प्रशासन ने शुक्रवार को पीजी के कई कोर्सों का परीक्षा कार्यक्रम जारी व रिवाइज किया। इसके अनुसार एमए होम साइंस चौथे सेमेस्टर (बैक पेपर, इंप्रूवमेंट, छूटे छात्रों) की परीक्षा 22 से 29 अगस्त तक सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होगी। वहीं, एमए लिंग्विस्टिक दूसरे सेमेस्टर (बैक पेपर, इंप्रूवमेंट, छूटे छात्रों) की परीक्षा 22 से 27 अगस्त और चौथे सेमेस्टर की 16 से 20 अगस्त तक सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होगी। इसी क्रम में एमएससी बायोकेमिस्ट्री सेकेंड सेमेस्टर (ओल्ड कोर्स) की परीक्षा 17 से 26 अगस्त तक, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी सेकेंड सेमेस्टर (ओल्ड कोर्स) की परीक्षा 17 से 29 अगस्त तक सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

JAGRAN CITY PAGE III

एलएलबी का परिणाम जारी

लखनऊ। लविवि ने शुक्रवार को एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के चौथे व एमएड पहले सेमेस्टर का परिणाम जारी कर दिया। यह विवि की वेबसाइट पर मौजूद हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

बीएससी का स्पेशल बैक आज

लखनऊ। लविवि व संबद्ध कॉलेजों के बीएससी पांचवें सेमेस्टर के छात्रों का स्पेशल बैक पेपर शनिवार को होगा। बता दें कि बीएससी पांचवें सेमेस्टर के काफी छात्रों के एक-दो पेपर में शून्य से 10 तक नंबर मिले थे। इसे लेकर छात्रों ने काफी विरोध-प्रदर्शन किया था। (माई सिटी रिपोर्टर)

कार्यशाला आज से

लखनऊ : भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से चलाए गए स्तुति कार्यक्रम के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग में छह से 12 अगस्त तक सात दिवसीय कार्यशाला होगी। 'मैटेरियल साइंस, नैनोटेक्नोलाजी एंड क्वांटम आप्टिक्स' विषयक कार्यशाला में हैंड्सआन प्रशिक्षण और स्टेट आव आर्ट उपकरणों के प्रयोग के संबंध में शोधार्थियों को जागरूक किया जाएगा। (जासं)

परिणाम जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार देर शाम को एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम चौथे सेमेस्टर व एमएड प्रथम सेमेस्टर के परिणाम जारी कर दिए। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विद्यार्थी वेबसाइट पर अपने परिणाम देख सकते हैं। (जासं)

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू में सात दिवसीय कार्यशाला आज से शुरू

लखनऊ। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से चलाये गये स्तुति कार्यक्रम के अन्तर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से छह से 12 अगस्त तक मैटेरियल साइंस, नैनोटेक्नोलॉजी एंड क्वांटम ऑप्टिक्स विषय पर कार्यशाला होगी। सात दिनों की इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को उपकरणों के दक्ष प्रयोग का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

i-NEXT PAGE 2

एमएससी बायोटेक्नोलाजी के एग्जाम 16 से होंगे

LUCKNOW (5 Aug): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने एमएससी बायोकेमिस्ट्री, बायोटेक्नोलाजी के दूसरे व चौथे सेमेस्टर की परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है. बायोकेमिस्ट्री और बायोटेक्नोलाजी चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ से 16 अगस्त तक होंगी. वहीं, दोनों कोर्स में दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 29 अगस्त तक आयोजित की जाएंगी. इसका विस्तृत कार्यक्रम वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है. लविवि ने बीती 30 जुलाई को एमएससी बायोकेमिस्ट्री, बायोटेक्नोलाजी कार्यक्रम जारी किया था.

PIONEER PAGE 4

लविवि में सात दिवसीय कार्यशाला आज से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग में सात दिवसीय कार्यशाला की शनिवार से शुरूआत होगी। कार्यक्रम की संयोजक प्रोफेसर अंचल श्रीवास्तव ने बताया कि मैटेरियल साइंस, नैनोटेक्नोलॉजी एंड क्वांटम ऑप्टिक्स विषय पर आयोजित कार्यशाला 12 अगस्त को समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि सुबह साढ़े नौ बजे कार्यशाला का शुभारम्भ होगा।

JAGRAN CITY PAGE III

एमएससी बायोटेक्नोलाजी, बायोकेमिस्ट्री की परीक्षाएं 8 से

लखनऊ विश्वविद्यालय : दोनों विषयों के दूसरे व चौथे सेमेस्टर की परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम जारी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लविवि) ने एमएससी बायोकेमिस्ट्री, बायोटेक्नोलाजी के दूसरे व चौथे सेमेस्टर की परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। बायोकेमिस्ट्री और बायोटेक्नोलाजी चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ से 16 अगस्त तक होंगी। वहीं, दोनों कोर्स में दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 29 अगस्त तक आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा एमए होम साइंस चौथे सेमेस्टर, एमए लिंग्विस्टिक दूसरे और चौथे सेमेस्टर की 22 अगस्त से आयोजित की जाएंगी। इसका विस्तृत कार्यक्रम वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। लविवि ने बीती 30 जुलाई को एमएससी बायोकेमिस्ट्री, बायोटेक्नोलाजी कार्यक्रम जारी किया था। अब इसमें बदलाव किया गया है।

संशोधित कार्यक्रम : (परीक्षा समय सुबह नौ से 12 बजे तक)

- एमएससी बायोकेमिस्ट्री चौथा सेमेस्टर : आठ से 16 अगस्त।
- एमएससी बायोटेक्नोलाजी चौथा सेमेस्टर : आठ से 16 अगस्त।
- एमएससी बायोकेमिस्ट्री दूसरा सेमेस्टर : 17 से 29 अगस्त।
- एमएससी बायोटेक्नोलाजी द्वितीय सेमेस्टर- 17 से 29 अगस्त।
- एमए लिंग्विस्टिक्स द्वितीय सेमेस्टर : 22 से 27 अगस्त।
- एमए लिंग्विस्टिक्स चौथा सेमेस्टर : 16 से 20 अगस्त।
- एमए होम साइंस चौथा सेमेस्टर : 22 से 29 अगस्त।

बीएससी पांचवें सेमेस्टर का स्पेशल बैक पेपर आज : लविवि की ओर से बीएससी पांचवें सेमेस्टर आर्गेनिक केमिस्ट्री विषय का स्पेशल बैक पेपर शनिवार दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगा। लविवि के पुराने परिसर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। शुक्रवार को दिनभर कई छात्र-छात्राएं प्रवेश पत्र डाउनलोड न होने से परेशान रहे। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि प्रवेश पत्र संबंधी कोई शिकायत नहीं आई है। बीएससी आर्गेनिक केमिस्ट्री पांचवें सेमेस्टर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को दो से 10 अंक मिले थे।

लविवि में दो साल बाद हुई राष्ट्र गौरव की परीक्षा

जासं, लखनऊ : दो साल से राष्ट्र गौरव विषय की परीक्षा का इंतजार कर रहे विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार का दिन राहत लेकर आया। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से बीए, बीएससी व बीकाम के विद्यार्थियों की राष्ट्र गौरव एवं इनवायरमेंट स्टडीज विषय की परीक्षा की शुरुआत हो गई। पहले दिन राष्ट्र गौरव व स्नातक परीक्षाओं में 28,623 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। 150 ने परीक्षा छोड़ दी।

राष्ट्र गौरव एवं इनवारमेंट स्टडीज विषय की परीक्षा के लिए दोपहर की पाली में लविवि परिसर के अटल ब्लाक, न्यू कामर्स ब्लाक और पीजी ब्लाक के 35 से ज्यादा कमरों में परीक्षा हुई। पहले दिन बीकाम, बीकाम आनर्स चौथा, छठा सेमेस्टर, बीकाम तीन वर्षीय, बीएससी, बीएससी चौथा, छठा सेमेस्टर, बीएससी एवं बीएचएससी तीन वर्षीय, बीबीए, बीसीए, बीवोक चौथे व छठे सेमेस्टर, बीएससी एग्रीकल्चर चौथे, छठे, आठवें सेमेस्टर के विद्यार्थी शामिल हुए। श्री जय नारायण मिश्र पीजी कालेज में 3308 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्ववित्तपोषित शिक्षकों ने विनियमितीकरण की उठाई मांग

चौक स्थित कालीचरण पीजी कालेज में कार्यरत स्ववित्तपोषित शिक्षकों ने विनियमितीकरण या फिर यूजीसी के आधार पर वेतनमान दिए जाने के लिए शुक्रवार को पंचायत अभियान चलाया। अनुदानित महाविद्यालय स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ के नेतृत्व में प्रदेशभर के करीब 300 अनुदानित डिग्री कालेजों में कार्यरत स्ववित्तपोषित शिक्षकों ने भी मांग उठाई है। संघ के सह सयोजक डा. शिव कुमार ने बताया कि 15-20 वर्षों से अनुदानित महाविद्यालय के स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में यूजीसी की ओर से निर्धारित योग्यता के आधार पर सहायक प्रोफेसर के पदनाम के साथ तीन से 15 हजार रुपये वेतन पर शिक्षक पढ़ा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष अरुणेश अग्रवाल के मुताबिक शिक्षकों की मांग से केंद्र व राज्य सरकार को अवगत कराने के लिए यह पंचायत अभियान चलाया गया है, जिसके अंतर्गत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री को पत्र भेजकर शिक्षकों की स्थिति को बताया गया है।

लवि : यूजीसी ने पांच साल की बकाया राशि को दी मंजूरी

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने लखनऊ विश्वविद्यालय में संचालित मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) की पांच साल से बकाया करीब पौने दो करोड़ की राशि जारी करने को मंजूरी दे दी है। करीब 46 लाख रुपये की राशि जारी भी कर दी। शुक्रवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने यूजीसी के सचिव और संयुक्त सचिव से मुलाकात की, जिसके बाद यह राशि जारी की गई। लवि में यूजीसी की ओर से एचआरडीसी संचालित है। यहां शिक्षकों का प्रशिक्षण से लेकर कार्यशाला के लिए खर्च का बजट यूजीसी से मिलता है। कुलपति ने बताया कि सत्र 2017-18 और 2018-19 में कुछ पैसा यूजीसी ने दिया था। उसके बाद से 2021-22 तक कोई पैसा नहीं दिया गया। इस बीच जो भी खर्च हुआ, वह लखनऊ विश्वविद्यालय ने लोन के रूप में सेंटर को दिया था। बकाया राशि के भुगतान के लिए यूजीसी के सचिव और संयुक्त सचिव से मुलाकात की, जिसके बाद 46 लाख रुपये का भुगतान जारी हो गया। बाकी का करीब सवा करोड़ रुपये भी जल्द ही मिल जाएगा।

कृषि विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों की काउंसलिंग कराएगा एकेटीयू

डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में शुक्रवार को केंद्रीय प्रवेश समिति की बैठक हुई। इसमें विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों में सत्र 2022-23 में प्रवेश के लिए काउंसलिंग पर चर्चा हुई। इसके तहत शासन के निर्देश पर सीटेक में प्रवेश जेईई मेन्स, बीआर्क में नेशनल एप्टिट्यूड टेस्ट इन आर्किटेक्चर (नाटा) और अन्य सभी पाठ्यक्रमों में केंद्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) की प्रवेश परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए काउंसलिंग प्रक्रिया एवं पंजीकरण की तिथि के लिए समिति बनायी गयी। पहली बार प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों के इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों की काउंसलिंग विश्वविद्यालय कराएगा। काउंसलिंग प्रक्रिया विश्वविद्यालय की वेबसाइट और उत्तर प्रदेश एप्लाइड एंड्स टेस्ट (यूपीसीईटी) की वेबसाइट पर जल्द ही अपलोड कर दी जाएगी। काउंसलिंग तय समय पर कराई जाएगी। बैठक में प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा सुभाष चंद्र शर्मा, विशेष सचिव न्याय समन्वयक डा. अरुण तिवारी, कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र, कुलसचिव सचिन सिंह, प्रति कुलपति प्रो. मनीष गौड़, उपकुलसचिव डा. आरके सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।